**Mukesh Singh Rajput**
**Chartered Accountant**
**Plot No. 69, Simran Residency Govind Garden Raisen Road**
**Bhopal –M.P. -462023**
**Tell: 0755-4246750, 74157-47091, 9303765021**
**E-Mail: mukesh.ca78@gmail.com, capasstherealstory@gmail.com**
**Tell: 98933-99094, 0755-4246750, 9303765021**




"शिक्षित भारत ~ सफल भारत"

**SMSM/Seminar/07/2020-21/03** **Date: 24/03/2021**

सम्मानीय ट्रस्टी / सदस्य / जूरी

G-Sil Educational Society

## i) मेरी कहानी (My Story) :

मुकेश सिंह राजपूत पेशे से सीए है | सीए बनने से पहले का पूरा सफ़र कठिनायो भरा रहा है, पांचवी क्लास के बाद की पढाई पूरी तरह से छूट चुकी थी, पूरा बचपन घर परिवार से दूर होटल, रेस्टारेंट और ढाबो में काम करते हुए बीता, एक दिन की बात है होटल में बर्तन धो रहा था तभी किसी ने किताब देते हुए कहा की इसमें बहुत बड़ी ताकत है और इससे तुम अपने सपनो को पूरा कर सकते, समाज में जगह और पहचान मिलेगी, फिर क्या था मन में कुछ बनने की धुन लग गयी, पांचवी के बाद छूटी पढाई पुन; शुरु की सीधे 10-वी ओपन स्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम से प्राइवेट फार्म भरा उसमे भी तीन बार लगातार असफलताए मिली, किन्तु हार नहीं माना और चौथी बार में 10-वी कक्षा पास की – और जिंदगी में नई दिशा तब मिली जब लोडिंग ऑटो जॉब के दौरान, आर. के. वेयरस प्राइवेट लिमिटेड भोपाल, के मैनेजिंग डायरेक्टर ने खाता बही और डॉक्युमेंट्स सीए मनोज खरे के ऑफिस में देने भेजा, पहली बार सीए को देखा और उन्ही को गुरु बनाकर सीए बनने का सपना बना लिया वर्ष 2001 में, सफर शुरू किया, उसमे भी CA-IPCC की प्रथम ग्रुप में लगातार 6 वार असफलताए मिली किन्तु फिर भी हार नहीं माने और लगातार प्रयास करते हुए, वर्ष 2010 में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स बने, वर्तमान में भोपाल म.प्र. में प्रैक्टिस करते हूँ |

## ii) मिशन "शिक्षित भारत ~ सफल भारत" :

**(अ) लेखक "सी.ए.पास द रियल स्टोरी - बुक" :** वर्ष 2012 में क्लाइंट ने याद दिलाया की आपकी लाइफ बहुत ही संघर्ष भरी रही है आप स्टूडेंट्स के लिए कुछ कीजिये | तीन वर्षो की कड़ी मेहनत के बाद एक बुक लिखी सी.ए.पास द रियल स्टोरी, जिसका विमोचन 1 जुलाई 2015 सीए डे पर हुआ मुख्य अतिथि मान. उमा शंकर गुप्ता (उच्च शिक्षा मंत्री म.प्र.) मान. रामपाल सिंह राजपूत (रेवेन्यू मंत्री म.प्र. सरकार), तथा मान.नारायण सिंह केसरी (सांसद और राज्य सभा सदस्य) गणमान्यों द्वारा हुआ | किताब लिखने का उददेश्य स्टूडेंट्स को शिक्षा में मदद मिले ;

(अ) **स्टूडेंट्स मोटीवेशनल & स्पीकर कॉउंसलर :** वर्ष 2015 में एक मिशन बनाया "शिक्षित भारत ~ सफल भारत" स्टूडेंट्स को शिक्षा के लिए मोटीवेट और करियर काउंसलिंग करना, ऐसे स्टूडेंट्स जिन्हे जरा सी असफलता क्या मिली और सोचने लगते की अब जीने से क्या होगा और आत्महत्या के बारे में सोचने लगते है या सोचते है की एजुकेशन उनके बस की बात नहीं है, क्योकि हम गरीब है, इस तरह के बहाने बनाकर किस्मत के भरोसे बैठ जाते है | सीए मुकेश राजपूत अपनी रियल स्टोरी के बारे में बताकर स्टूडेंट्स को मोटीवेट करते और उनके अंदर खोई उम्मीद को जगाते है और जैसे ही स्टूडेंट्स को पता चलता है कि मुकेश जी, 5-वी कक्षा के बाद की पढाई पूरी तरह से छूट चुकी थी, फिर भी सफल सीए बने और फर्श से अर्श तक पहुंचे, तो **"हम क्यों नहीं"........? यही मेरा मिशन है |** यदि हमने स्टूडेंट्स के अंदर सोये हुए सपने को जगा दिया, तो फिर आगे का सफर वो स्वयं ही तय कर लेगा, उसे किसी के सहारे की जरुरत नहीं है |


सीए मुकेश राजपूत द्वारा सम्पूर्ण भारत में स्टूडेंट्स को मोटीवेशनल “शिक्षा से मिली पहचान” और “करियर इन कॉमर्स” पर सेमिनार 2015 से देते आ रहे है | अभी तक “8 राज्यों में 66 और ऑनलाइन 8 सेमिनार” दिए है, 85,000 तथा ऑनलाइन 60,000 से ज्यादा स्टूडेंट्स को शिक्षा के लिए प्रेरित और करियर काउन्सलिंग दी है

(पत्रक संग्लन है ), इस शिक्षप्रद कार्य हेतु फीस नहीं ली जाती है, केवल आना - जाना और रहने की व्यवस्था प्रबंधन की होगी, संपर्क मैनेजर महेश - 9111711178 |

**iii) मिशन - कुशल भारत ~ सफल भारत** - जो वर्ष 2010 में शुरू हुआ था, उद्देश्य स्टूडेंट्स को स्किल डेवलपमेंट & पेशेवर प्रशिक्षण निशुल्क उपलब्ध कराना, सीए मुकेश राजपूत ने अपने ऑफिस में एकाउंटेंट्स की इंटरव्यू के दौरान महसूश किया था कि, करीब 95% पद के उम्मीदवारों को केवल 5% उस पेशेवर कार्य की जानकारी थी, क्योकि उन्होंने सही तरीके से पेशेवर प्रशिक्षण नहीं लिया या जिस इंस्टिट्यूट से उन्होंने प्रशिक्षण लिया वो केवल 5% वर्क ज्ञान शिखा पाए और इस ज्ञान के आधार पर उन्हें कोई जॉब पर रखे ये संभव नहीं, और तभी से सीए मुकेश राजपूत और उनकी सहयोगी सीए माया टिलवानी अपने कार्यालय में जरुरतमंद स्टूडेंट्स को टैली पर अकॉउंटिंग, इनकम टैक्स, सेल्स टैक्स तथा वर्तमान में GST का पेशेवर प्रशिक्षण” देते आ रहे है इस अतुलनीय कार्य के लिए किसी भी प्रकार की कोई फीस स्टूडेंट्स से नहीं ली जाती है, यदपि स्टूडेंट्स को प्रशिक्षण कार्यालय तक आने जाने का खर्च भी दिया जाता है, अब तक तक़रीबन 1000 से अधिक स्टूडेंट्स को सफल एकाउंटेंट् बनाया जो कि आज विभिन्न कम्पनीयो में अपनी सेवाए दे रहे है और अच्छा वेतन पा रहे है |

मेरी सिर्फ एक ही जिद्द है - शिक्षित भारत ~ सफल भारत

धन्यवाद



सी.ए. मुकेश राजपूत

(लेखक, स्टूडेंट्स मोटीवेटर & करियर काउंसलर)

| | | |
|---|---|---|
| | **STUDENTS MOTIVATIONAL SEMINAR**<br>**DAY - 1**<br>**AGE GROUP 15+** | |
| 1. सेमिनार | मेरी "मेमोरेबल जर्नी" करियर काउंसलिंग "करियर इन कॉमर्स" और हैप्पी मेमोरी 3 मंत्र | 1 घंटे |
| 2. सेमिनार | "शिक्षा से मिली पहचान" (रियल स्टोरी सीए मुकेश राजपूत) और करियर काउंसलिंग "करियर इन कॉमर्स" + हैप्पी मेमोरी 3 मंत्र | 2 घंटे |
| 3. सेमिनार | "शिक्षा से मिली पहचान" (रियल स्टोरी सीए मुकेश राजपूत) और करियर काउंसलिंग "करियर इन कॉमर्स" "मेमोरी टेक्निक्स" | 3 घंटे |
| 4. सेमिनार | I. शिक्षा से मिली पहचान (रियल स्टोरी सीए मुकेश राजपूत) और मेमोरी टेक्निक्स - 2 घंटे (first Half)<br>II. स्टडी टेक्निक्स और करियर काउंसलिंग "करियर इन कॉमर्स" - 2 घंटे (Second Half) | 4 घंटे |
| | **PROFESSIONAL SEMINAR**<br>**DAY – 2**<br>**AGE GROUP 18+** | |
| 1. Seminar | How to Start Your Own Business and Self Employment | 1.5 घंटे |
| 2. Seminar | How to Prepare "Business Project Report" for Bank Loan. | 1.5 घंटे |
| 3. Seminar | How to Grow Your Business and Self Employment | 1.5 घंटे |
| 4. Seminar | Taxation & Accounting in India -<br>(i) Income Tax and ;<br>(ii) GST | 2 घंटे |

## “कचरा बीनकर और चाय बेचते” हुए सीए बने  मुकेश राजपूत-  म.प्र.








**1. Youtube Link :** [https://youtu.be/FW4GzxwsZqo](https://youtu.be/FW4GzxwsZqo)

**2. Youtube Link :** https://youtu.be/j_7wf0cvH48

# *PROFILE - SEMINAR*


<u>“सफलता” - एक मिथक या वास्तविकता</u>




***Writer: CA Mukesh Singh Rajput***
***Tell: 98933-99094, 9303765021, 0755-4246750, 9111711178***



महामहिम श्री रामनाथ कोविंद जी को सीए पास द रियल स्टोरी - बुक भेट करते हुए| स्थान : नई दिल्ली - भारत



महामहिम उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू जी सीए पास द रियल स्टोरी - बुक भेंट स्वीकार करतेहुए

स्थान : नई दिल्ली - भारत











स्टूडेंट्स करियर काउन्सलिंग “नई शुरुआत संभावना के साथ” में, माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और श्रीमति साधना सिंह जी, द्वारा सम्मानित किया गया, सम्मान के लिए बहुत बहुत आभार.......! दिनांक: **30-01-2021 Link: https://youtu.be/FhW4xTHc1hs**



डॉ. मोहन यादव जी उच्च शिक्षा मंत्री म.प्र. सरकार **Feb-21**






मानननीय संतोष गंगवार जी, श्रम एवं रोजगार मंत्री भारत सरकार **19-03-2021**

फा. सं. 4—20 / 2015—ई.सी. /1078
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिशद्
श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली—110016.
(स्थापना एवं समन्वयक अनुभाग)

दिनांक : 30 जुलाई, 2015

सेवा मे,

CA Mukesh Singh Rajput
Plot No.69, Simran Residency
Govind Gareden,
Raisen Road,
Bhopal-462023 M.P.

विषयः शिक्षा योजना को सार्थक मुकाम तक पहुँचाने हेतु किए जा रहे व्यक्तिगत प्रयास मे सहयोग की अपील ।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर आपके पत्र जो कि माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार को संबोधित है, मंत्रालय के पत्र सं. 11-4/2015-Sch.4 (GK) दिनांक 13.05.2015 द्वारा प्राप्त हुआ है तथा इस संदर्भ मे परिषद के टिप्पण संलग्न है ।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

(शिब सिंह बिष्ट)
अवर सचिव

संलग्नकः उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपिः
अनुभाग अधिकारी, मा.स.वि.मं., (विद्यालयी शिक्षा और साक्षरता विभाग) स्कूल 4 अनुभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली के पत्र सं. 11-4/2015-Sch.4 (GK) दिनांक 13.05.2015 के संदर्भ मे ।


## टिप्पणी

विषयः शिक्षा योजना को सार्थक मुकाम तक पहुँचाने हेतु किए जा रहे व्यक्तिगत प्रयास मे सहयोग की अपील ।

सी.ए. मुकेश सिंह राजपुत द्वारा अपने जीवन के संघर्ष पर लिखित यह पुस्तक एवं इस पर निर्मित होने वाली फिल्म विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगी। विषम परिस्थितियो के बावजुद भी सभी अवरोधो को पार करते हुए सी.ए. मुकेश सिंह राजपुत ने जिस प्रकार सफलता की सीढ़ियां चढ़ी हैं सी.ए. जैसी पेशेवर डिग्री प्राप्त की है, वह सराहनीय है। यह उन सभी छात्र छात्राओं के लिये उपयोगी है जो जीवन में असफलताओं के कारण सब कुछ किस्मत के भरोसे छोड़ देते हैं और एक दिशाहीन जीवन जीते हैं। फिल्म को सम्पूर्ण भारत में

**माननीय प्रधान मंत्री जी –प्रधान मंत्री कार्यालय भारत सरकार नई दिल्ली**

<u>भोपाल रत्न अवॉर्ड  से सम्मान्नित</u>
















*लेखक सीए मुकेश सिंह राजपूत को भोपाल रत्न अवॉर्ड से सम्मान्नित करते हुए माननीय तपन भौमिक जी अध्यक्ष मप्र टूरिज्म मप्र सरकार स्थान भोपाल दिनांक 27-03-2016*

उपस्थिति में शुरू हुई। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा ने राजपूत समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया।

सम्मेलन में रंगीन पत्रिका परिणय चयनिका का विमोचन बालिका आराध्या से कराया गया। "राजपूत रत्न" का खिताब भोपाल के सीए मुकेश सिंह राजपूत को प्रदान किया गया। मंजरी सिंह राजपूत, डॉक्टर मयंक सिंह ठाकुर, सपना ठाकुर, हर्षिता सिंह तोमर का सम्मान भी हुआ। मंच संचालन समिति के मनीष ठाकुर व अजय सिंह राजपूत कर रहे थे। संयोजक संजय सिंह राजपूत ने आभार व्यक्त किया।








जय राजपूत समाज सेवा समिति, इटारसी "परिणय चयनिका"– 2018

"'राजपूत रत्न'"

अभिनंदन पत्र

ठाकुर सा. श्री मुकेश सिंह राजपूत आत्मज श्री रघुवीर सिंह राजपूत होशंगाबाद जिले के पिपरिया नगर से है व वर्तमान में भोपाल में निवासरत् है।

आपका बचपन से ही शिक्षा के प्रति रूझान रहा है तथा सी.ए. बनने से पहले का आपका पूरा जीवन कठिन संघर्षो से भरा रहा है जिसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि पाँचवी के बाद की पूरी पढाई आपने एक गैर नियमित विद्यार्थी के रूप में पूरी की आपका पूरा बचपन घर परिवार से दूर होटलों व दूकानों पर काम करते बीता। आपके द्वारा लिखित आत्मकथा "सी.ए. पास दि रियल स्टोरी" इस बात की ओर संकेत करती है। कि यदि इंसान चाहे तो हर मंजिल पर पहुँच सकता है। बशर्त कि उसमें करने की लगन और आत्म विश्वास हो। यह किताब निःसंदेह ही युवाओं विद्यार्थियों को सफलता का नया रास्ता दिखा रही है।

आपको लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु "भोपाल रत्न" से भी सम्मान्ति किया जा चुका है। आपके द्वारा स्टूडेंट्स मोटीवेशन और केरियर कांउसिलिंग प्रोग्राम मध्यप्रदेश के अलावा भी भारत के विभिन्न राज्यों कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, दिल्ली एवं छत्तीसगढ में निःशुल्क सेमिनार आयोजित किये गए है तथा इसमें लगभग 62,869 ( अनुमानित संख्या ) स्टूडेंट अविभावकगण व शिक्षकगण भाग ले चुके है।

आप एक विनम्र, मृदुभाषी, परिश्रमी, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है राजपूत समाज सेवा समिति आपका अभिनंदन करते हुए आपको "राजपूत रत्न" की उपाधि से सम्मानित कर अपने को गौरवान्वित महसूस करती है एवं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

इटारसी, दिनांक 28 जनवरी 2018

| अजय सिंह राजपूत | नितेश सिंह राजपूत | संजय सिंह राजपूत |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | सचिव |

जय राजपूत समाज सेवा समिति, इटारसी

www.jrsss.org 12 परिणय चयनिका–2018




"राजपूत रत्न अवॉर्ड" से सम्मान्नित करते हुए माननीय डॉक्टर सीताशरण शर्मा जी विधानसभा अध्यक्ष म.प्र. सरकार स्थान इटारसी दिनांक 28-01-2018

Sri Aurobindo Society
Rupantar
TRANSFORMING GOVERNMENT SCHOOLS

ZERO-INVESTMENT INNOVATIONS FOR EDUCATION INITIATIVES
ZIIEI

HDFC BANK
PARIVARTAN
A step towards progress

ZERO-INVESTMENT INNOVATIONS FOR EDUCATION INITIATIVES

A Platform for the Teachers, by the Teachers

# CERTIFICATE

## OF APPRECIATION

## TEACHER INNOVATION AWARD

SRI AUROBINDO SOCIETY PRESENTS THIS CERTIFICATE TO

CA Mukesh Rajput

FOR SUSTAINABLE EFFORTS TOWARDS
PROMOTING JOYFUL AND EXPERIENTIAL TEACHING.

WE LOOK FORWARD TO YOUR GREATER PARTICIPATION IN SPREADING
ZIIEI INNOVATIONS MOVEMENT.

Mayank

MAYANK AGARWAL
CHIEF OPERATING OFFICER, ZIIEI

DATE: 30-09-2019

**एच.डी.एफ.सी. बैंक - परीवर्तन : "टीचर इनोवेशन अवार्ड 2019"**

# भारतीय संविधान व युवा पर नेशनल सेमिनार 13-01-2020



दिल्ली में युवा रत्न से सम्मानित होते भोपाल के लेखक और चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश सिंह राजपूत |
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि (वरिस्ट पत्रकार) डॉ. वेद प्रताप वैदिक

## युवा रत्न से सम्मानित हुए भोपाल के लेखक और चार्टर्ड एकाउंटेंट मुकेश

### भारतीय संविधान व युवा पर नेशनल सेमिनार



● जागरण सिटी रिपोर्टर ●

राजनीति की पाठशाला संस्था द्वारा दिल्ली शहर के इंडिया इंटरनेशनल सेन्टर मैक्समूलर मार्ग में 'भारतीय संविधान व युवा' विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने भारत के संविधान के प्रति युवाओ का योग्यदान तथा संविधान के मूल तत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने संविधान के प्रति हमारे कर्तव्य तथा इनका पालन करने की बात करते हुए इस विचार गोष्ठी को आगे बढ़ाया। सेमिनार में भोपाल के लेखक और चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश सिंह राजपूत को इस अवसर पर युवाओ को सेमिनार के माध्यम से शिक्षा के लिए मोटीवेट करना, उनकी आर्थिक मदद और उन्हें जीएसटी, इनकम टैक्स, टैली एकाउंटिंग की निशुल्क ट्रेनिंग देकर तथा रोजगार दिलाकर और शिक्षा और रोजगार में कीर्तिमान स्थतापित करने पर 'युवा रत्न' से सम्मानित किया गया। सीए बनने से पहले मुकेश का पूरा बचपन परिवार से दूर होटलो में काम करते हुए बीता। किसी ने उन्हें याद दिलाया की शिक्षा में बहुत बड़ी ताकत होती है और इसमें पैसे भी नहीं चाहिए। केवल आपके अंदर आग होनी चाहिए, इसके बाद इनके अंदर शिक्षा को पाने की धुन ऐसी लगी की 5वीं तक पढ़े मुकेश सीधे 10वीं क्लास में बैठे और पढाई का सफर शुरू किया और आज वे चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। मुकेश ने स्टूडेंट्स की मदद के लिए 'सीए पास द रियल स्टोरी' नाम से एक बुक लिखी और लेखक बने, पूरे भारत में स्टूडेंट्स को निशुल्क सेमिनार के माध्यम से अपनी स्टोरी सुनाकर तथा शिक्षा के बारे में बताकर स्टूडेंट्स को मोटीवेट करते हैं।





# सीए मुकेश राजपूत को इंटरनेशनल आइकॉन अवॉर्ड

**जागरण सिटी रिपोर्टर ।** नेशनल एंटी हेरासमेंट फाउंडेशन और ईएसओ द्वारा सीए मुकेश राजपूत को अंतरराष्ट्रीय आइकॉन अवॉर्ड से इंदौर में सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योग्यदान और स्टूडेंट्स को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए मुख्य अतिथि सुष्मिता मुखर्जी, एम.एस. भुखारी और डॉ. विजय कुमार ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। मुकेश राजपूत भोपाल शहर से हैं। उनको इस अवॉर्ड के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि वे पढ़े लिखे नहीं थे, होटलों में बर्तन मांजा करते थे, किसी ने किताब दी और कहा की पढाई में बहुत ताकत होती है। फिर उन्होंने 5वीं से सीधे 10वीं क्लास का प्राइवेट फार्म भरा और पढाई का सफर शुरू किया और वर्ष 2010 में चार्टर्ड अकाउंटेंट बने।





# मुकेश को इंटरनेशनल आइकॉन अवार्ड

**पिपरिया.** इंदौर में आयोजित इंटरनेशनल आइकॉन अवार्ड 2020 से सीए मुकेश राजपूत पुरस्कृत हुए हैं। मुकेश पिपरिया कला मंदिर के मूल निवासी हैं। पढ़ाई के बाद भोपाल में रहकर विद्यार्थियों को सेमीनार के माध्यम से मोटिवेट करते हैं। मुकेश 8 राज्यों में अब तक 62 सेमीनार दे चुके है उन्हें 2016 में भोपाल रत्न, 2019 में युवा रत्न से सम्मानित हो चुके हैं।

पत्रिका Wed, 26 February 2020
epaper.patrika.com/c/49384338

# इंटरनेशनल आइकॉन अवॉर्ड 2020 से इंदौर में सम्मानित हुए भोपाल के लेखक और सीए मुकेश राजपूत

> •सेमिनार के माध्यम से स्टूडेंट्स को पढाई के लिए मोटीवेट करते है - सीए मुकेश राजपूत
> •अभी तक 8 राज्यों में 62 सेमिनार दे चुके है 85000 से ज्यादा स्टूडेंट्स को मोटीवेट कर चुके

एजुकेशन से मिली पहचान ये कहना है लेखक सीए मुकेश का

संस्था National Anti Harassment foundation and ESO Regd: by Government of M.P India, 01/02/01/32922/17 (Mob. No. 9753341920) द्वारा, सीए मुकेश राजपूत जी को अंतरष्ट्रीय आइकॉन अवॉर्ड 2020 दिनांक 22-02-2020 को म.प्र. का दिल शहर इंदौर में सम्मानित हुए, शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योग्यदान और स्टूडेंट्स को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए, मुख्य अतिथि सुष्मिता मुखर्जी (Bollywood and television actress ), श्री एम.एस. भुखारी, डॉ विजय कुमार इस शाह ( पध्मश्री से सम्मानित),|

# मुंबई में वड़ा-पाव बेचने के बाद शुरू की सीए की पढ़ाई, 6 अटेम्प्ट में क्लियर किया एग्जाम

## इस सक्सेस स्टोरी के लिए शहर के मुकेश को रियलिटी शो 'सबसे स्मार्ट कौन' में मिला दो लाख का प्राइज

**City Pride**

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

भोपाल की पूजा द्विवेदी और पूजा जोशी के रियलिटी शो सबसे स्मार्ट कौन? में 10 लाख रुपए जीतने के बाद अब शहर के सीए मुकेश राजपूत और महेश ने भी इस शो में दो लाख रुपए की जीत हासिल की। रियल्टी शो में पहुंचने के लिए मुकेश ने भोपाल से लेकर मुंबई तक कड़ा संघर्ष किया। सीए का करियर चुनने से पहले मुकेश ने पैसा कमाने के लिए मुंबई का रुख किया जहां सब्जियां और वड़ा पाव बेचने से लेकर एक हार्डवेयर स्टोर पर भी काम किया। कुछ समय बाद दोस्तों ने मुकेश को कुछ नया करने के लिए स्टडी करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुकेश ने भोपाल वापस लौटकर मन लगाकर पढ़ाई की और सीए की तैयारी शुरू कर दी। लगातार पढ़ाई और 6 अटेम्प्ट में मुकेश ने सीए की परीक्षा पास की। उन्होंने 'सीए पास- द रियल स्टोरी' किताब भी लिखी। वहीं एमपी, यूपी, दिल्ली और कर्नाटक में कई सेमीनार किए। इस अचीवमेंट पर सीए मुकेश ने कहा, अपना स्ट्रगल शेयर करने के लिए पहली बार ऐसा प्लेटफॉर्म मिला, जहां से मैं ढेर सारे लोगों को पढ़ाई के लिए इंस्पायर कर सकता हूं।



# भोपाल के प्रतिभागी ने जीता बिग प्राइज

## चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश राजपूत ने टीवी शो में जीते 2 लाख रुपये

**City अचीवर**

**भोपाल। नवदुनिया रिपोर्टर**

टीवी गेम शो सबसे स्मार्ट कौन में भोपाल के प्रतिभागी सीए मुकेश राजपूत ने 2 लाख रुपये का बिग प्राइज जीता। इस मौके पर उन्होंने शो में वडा पाव बेचने से लेकर अपने सीए बनने तक की यात्रा को साझा किया। मुकेश राजपूत ने बताया कि मैं पैसा कमाने और अपने परिवार की मदद करने के लिए घर से दूर हो गया था। इस दौरान मैंने तरह-तरह के काम किए। मैंने सब्जियां और वडा पाव बेचा। साथ



ही हार्डवेयर स्टोर में काम किया। तब मेरे दोस्तों ने अपना नाम कमाने के लिए मुझे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं पैसा कमाने के लिए बॉम्बे गया।

### 6 प्रयासों के बाद ली सीए की डिग्री

मुकेश ने बताया कि जब मेरे दोस्तों ने कहा कि यदि मैं वाकई कोई बड़ा करना चाहता हूं तो मुझे पढ़ाई को महत्व देना चाहिए। उनकी बात सुनकर मैं भोपाल वापस आ गया। मैंने मेरे डॉक्यूमेंट्स उठाये और सीए परीक्षा की तैयारी की। 6 प्रयास के बाद मैंने सीए की डिग्री पूरी की। मैंने एक किताब भी लिखी है सीए पास-द रियल स्टोरी। शो सबसे स्मार्ट कौन में प्राइज जीतने की खुशी है व अपने परिवार की मदद करना चाहता हूं। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते ही भोपाल की दो प्रतिभागी पूजा जोशी और पूजा द्विवेदी ने बड़ी राशि जीती थी।

स्टार प्लस "सबसे स्मार्ट कौन" शो में सीए मुकेश राजपूत ने जीते प्राइज Rs. 2.20 लाख स्थान : मुम्बई दिनांक : 06-07-2018

UNLOCK 1.0 “INTERNATIONAL MOTIVATIONAL” ONLINE




International Award – Sahotyodya Date 14-06-2020

(Video Link: https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=597766660844928&id=100203814964477)

# इंडिया बुक ऑफ़ रिकार्ड्स 2020 दर्ज हुआ नाम “01.10.2020”




पिपरिया के सीए मुकेश राजपूत का इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज
भोपाल में युवा छात्र छात्रों का कर रहे कैरियर मार्गदर्शन

**शकील नियाज़ी, पिपरिया।**


**कुक कर गुजरने का जज्बा मन मे हो तो कितनी भी परेशानी अजाये इंसान हर कठिनाइयों को पार कर जाता है। ऐसी ही कहानी है पिपरिया के युवक मुकेश राजपूत की..**

पिपरिया कला मन्दिर इलाके के मुकेश राजपूत ने गरीबी और् अभावो मे अपना जीवन गुजारा लेकिन लक्ष्य बनाके शिक्षा की ओर बढे तो फ़िर पीछे नही देखा। हाल ही मे सीए मुकेश राजपूत, ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। दरअसल, ‘इंडिया बुक आफ रिकार्ड्स’ ने सीए मुकेश राजपूत का नाम अपने स्वयं के जीवन पर एक किताब लिखने के लिए सराहना मिली, जिसका शीर्षक सी.ए. पास द रियल Q1 स्टोरी, 2015 में इंद्रा पब्लिशिंग हाउस दवारा प्रकाशित किया गया है।

## ‘इंडिया बुक रिकॉड्र्स’ में मुकेश राजपूत की पुस्तक ‘सीए पास : द रियल स्टोरी’

● लेक सिटी रिपोर्टर ●

इंद्रा पब्लिशिंग हाउस के बैनर तले लेखक सीए मुकेश राजपुत द्वारा लिखित पुस्तक ‘सीए पास : दि रियल स्टोरी’ को इंडिया बुक रिकॉड्र्स में दर्ज किया गया है। मुकेश की यह पुस्तक आज के समय में संघर्ष व डिप्रेशन में जा रहे युवाओं को सफल होने के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। होशंगाबाद जिले के पिपरिया का एक सामान्य व्यक्ति मुकेश किस तरह अपने जीवन में कड़ी मेहनत व कई तरह की परेशानियों का सामना कर, एक लक्ष्य निर्धारित कर व उसको हासिल कर सभी का अचंभित कर देता है और फिर अपने जीवन के संघर्ष पर पुस्तक ‘सीए पासःद रियल स्टोरी’ लिखता है। मुकेश का पूरा संघर्ष ही इस किताब में दर्ज है, जो अब इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज हुआ है।



**सिटी अचीवमेंट**









Indian Red Cross Society - Bhopal के चैयरमेन श्री आशुतोष राषिक बिहारी पुरोहित, सचिव डॉ. प्रार्थना जोशी **26-01-2021 COVID19** के दौरान स्टूडेंट्स को डिप्रेशन से उबारने लिए ऑनलाइन और वीडियो के माध्यम स्टडी टेक्निक्स तथा काउंसलिंग की..|


---

नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड - 20-03-2021 दिल्ली से
"माननीय ठाकुर रघुराज सिंह" जी श्रम मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार

===

# शिक्षा में है बड़ी ताकत, ये कहना है भोपाल के सीए मुकेश का





में है बड़ी ताकत इसीलिए शिक्षा को मिला सम्मान राष्ट्रीय मानव अधिकार संस्था (NHRO) दिल्ली से, भोपाल के लेखक और सीए मुकेश राजपूत को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय ठाकुर रघुराज सिंह (श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री) द्वारा सम्मानित किया, सीए मुकेश कहते है जब में असफलता के दौर में था और मुझे चारो और से असफलता के समाचार ही मिल रहे थे, सीए का प्रथम ग्रुप IPCC में लगातार 6 बार असफलता मिलने से में टूट सा गया था और डिप्रेशन में चला गया था चारो ओर नेगेटिव माहौल ने मुझे बहुत निराशा में पंहुचा दिया, मेरा मन ने मान लिया था की अब में कभी सफल नहीं हो सकता और मेने सोचा अब जीने से क्या फायदा है और में भी अन्य कमजोर स्टूडेंट्स की तरह आत्महत्या के बारे में सोचने लगा, बाजार गया एक चूहा मारने की दवाई खरीद लाया आटे को गूंथा रोटी बनाई और जैसे ही में खाने को गया, तभी मेरे मन से एक आवाज़ आई की ये तो कायरता है, कठिनाइयों और मुसीबतो से तो कमजोर लोग भागते है , में कमजोर और कायर नहीं हूँ , आत्महत्या करना कायरता होगी, शायद मेने सफल होने के लिए उतना प्रयास नहीं किया जितना कि चाहिए, तभी मुझे एक सच्ची कहानी याद आई जब में पिपरिया कलां मंदिर में रहा करता था तो मेरे घर में एक बहुत दुबली पतली बीमार बिल्ली घुस आई में उसे भागने का बहुत प्रयास कर रहा था, उसे मार रहा था डरा रहा था पर वो घर से निकलने को तैयार ही नहीं थी, जब में थक गया तो मेने उस बिल्ली को उठाकर एक कुत्ते के सामने रख दिया.....यकीन मनो दोस्तों उस बीमार बिल्ली में इतनी ताकत आ गयी, वो गुर्राने और फुर्राने लगी उसकी पूँछ लम्बी हो गयी वो कुत्ते से लड़ने को तैयार हो गयी, बिल्ली का ये हौसला देखकर कुत्ता डर कर भाग गया और फिर बिल्ली भी वहा से भाग गयी इस पूरी कहानी का दर्शिय जब मेरी आँखों के सामने से गुजरा तो मुझे ज्ञात हुआ मेने सफल होने के लिए इतना प्रयाश नहीं किया जितना की इस बिल्ली ने अपने आपको बचने के लये किया, इस प्रकार मेरी विखरी हुई ऊर्जा को मेने एकत्रित किया और -वे अटेम्प में इ - IPPC सफलता मिली, दोस्तों यदि हार कर आत्महत्या कर लेता तो ये मेरी जीवन की सबसे बड़ी मूर्खता होती दोस्तों यदि आप सफल होना चाहते हो तो आपको भी इतनी एनर्जी की आवस्यकता होगी, आप बहाना और दूसरो पर दोष देना छोडे और केवल लक्ष्य के बारे में सोचे आप सफल होंगे, जब राष्ट्रीय वर्कशॉप में आये कई राज्यों के गणमान्यों ने ये कहानी सुनी तो सभी ने ताली बजाकर स्वागत किया और वादा भी किया कि हम आपके शिक्षा के उद्देश्य को अपने राज्यों के स्टूडेंट्स के साथ साँझा जरूर करेंगे, और उन्हें भी बताएँगे की मेहनत ऐसे करो जैसे की आप पर कोई हमला कर रहा हो और आप अपने आप को बचाने के लिए प्रयाश करते है यही प्रयाश आपको अपने करियर में करना है राष्ट्रीय मानव अधिकार संस्था (NHRO) दिल्ली ने एक मानव अधिकार पर नेशनल वर्कशॉप राखी गयी थी उद्देश्य था मानव के अधिकारों पर चर्चा के साथ साथ शिक्षा कितनी जरुरी है हमारे जीवन में, कार्यक्रम में संसद उदित राज और राजस्थान सरकार के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ओमप्रकाश बैरवा भी शामिल हुए कार्यक्रम में अलग अलग राज्यों से अलग अलग क्षेत्र में विशेषता हासिल प्रतिभाओ ने हिस्सा लिया था यहां उन्होंने शिक्षा से कैसे सेल्फ मोटीवेट स्टूडेंट्स हो पर अपने मत रखे थे


निवेश (सजीव फोन इन)
LIVE
मनीष - भोपाल


LIVE
आज कल
राष्ट्र आज कल
देश को समर्पित
BREAKING NEWS
सच्चे संघर्ष की सच्ची दास्तान, सीए पास दि रियल स्टोरी
राष्ट्र आज कल न्यूज़ चैनल का


लहरी प्रसाद - होशंगाबाद
DD Free Dish


म बजट - 2019 | Interim Budget on Real Estate 2019 | Doordarshan Bhopal | CA Mukesh Rajput
निवेश और टेक्स प्लानिंग
DD Free Dish



StarPlus
रिश्ता वही, बात नई
Ravi Dubey
CA Mukesh Rajput


Medium Units Loan 2020 | दूरदर्शन केंद्र MSMEs Bhopal Hindi by CA Mukesh Rajput

city भास्कर
BHOPAL SATURDAY, 27/10/2018

# होटल में बर्तन धोए, IPCC में तीन बार फेल हुए, 10 साल में बने CA, अब मोटिवेशनल स्पीकर भी

विमंस पॉलिटेक्निक में सीए मुकेश राजपूत ने शेयर किए अपने अनुभव...





सिटी रिपोर्टर | भोपाल

स्टेशन पर पन्नी बीनकर और बोतल बेचने का काम किया। मुंबई में होटल पर सालों बर्तन धोए। चौकीदारी की। इतनी विषम परिस्थितियों से निकलकर 10 साल की कड़ी मेहनत के बाद मैं 2010 में सीए बन पाया। कुछ ऐसी ही कहानी सुनाई कॉलेज स्टूडेंट्स को सीए मुकेश राजपूत ने। वे शुक्रवार को विमंस पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित मोटिवेशनल लेक्चर में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इस दौरान मुकेश ने स्टूडेंट्स को विपरीत परिस्थितियों से निकलने के टिप्स दिए...

### स्वयं की तारीफ करें

यदि आप अपनी मेमोरी को तेजी से बढ़ाना चाहते हो तो सबसे पहले आप अपनी स्वयं की तारीफ करें। कभी भी आप ये न कहें और न ही सोचें कि आपकी मेमोरी इन दिनों कम हो रही है या मुझे आजकल कुछ याद नहीं रहता।

### हमेशा खुश रहें

जब भी आपसे कोई ये पूछे कि कैसे हैं आप, तो कभी यह न कहें चल रही है, कट रही है, घिसट रही है, बस जी रहे हैं। सकारात्मक और खुशी देने वाला जबाव दो। इससे आप स्वयं भी बहुत खुशी महसूस करेंगे और सामने वाला भी बहुत खुश होगा।

### खुशियां शेयर करें

दुःख और परेशानी आपकी होती हैं इसे केवल माता-पिता या उनसे शेयर करें जो आपकी मदद कर सके। आप सभी को अपना दुखड़ा और परेशानी सुनाएंगे तो आपको नुकसान होगा। आपके अंदर नकारात्मकता जन्म लेगी, जिससे आपका मस्तिष्क नेगेटिव रिजल्ट देगा।

### दिनचर्या उल्टे क्रम से याद करें

यदि मेमोरी में बदलाव चाहते हो तो सोने से ठीक पहले बिस्तर पर लेटते ही मॉर्निंग से लेकर सोने तक किए गए सभी कार्यों को उसी क्रम में रिवाइज्ड करें। सोने से ठीक पहले आप टीवी पर हॉरर सीरियल या फिल्म बिल्कुल न देखें।

---

विशेष व्याख्यान में सीए राजपूत ने स्टूडेंट्स से शेयर किए अनुभव, बताए पढ़ने के कुछ महत्वपूर्ण टिप्स

# सपनों को लिखें और चिपका दें दीवार पर, अपनाएं थ्री वे स्टडी टेक्निक्स

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

जब मैं छोटा था तो पेरेंट्स से जिद किया करता था कि आप ये समान दिलाएंगे तो हम स्कूल जाएंगे, पढ़ाई करेंगे। अफसोस, हम कितने गलत थे। आज समझ आता है कि ये एजुकेशन स्कूल तो हमारे लिए ही है। इसी से हमारा भविष्य बनेगा, समाज में हमारा सम्मान होगा। हमारे सभी सपने इसी एजुकेशन से पूरे होंगे। जब तक हमें सच्चाई का पता चलता है तब तक देर हो जाती है। आप खुद को खुशनसीब मानें कि आपको सही समय पर पता चल गया। आप सबसे आगे होंगे और हमारे देश का नाम आगे करेंगे। यह कहना है सीए मुकेश राजपूत का। वे बुधवार को डीपीएस स्कूल, कोलार रोड में हुए विशेष व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्टूडेंट्स से संवाद करते हुए उन्हें मोटिवेट किया।



### बेहतर सोच रखें

अगर ये चाहते हो कि पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहे, तो पढ़ाई कंसंट्रेशन के साथ करनी होगी। ये तब होगा जब अपने सपनों को पाने के लिए बेहतर सोच रखेंगे। इन सपनों को बार-बार देखना होगा, तभी पढ़ाई में मन लगेगा। इसके लिए अपने सपनों को लिखकर दीवार पर चिपका दें।

### बोलकर और लिखकर पढ़ें

अपने सपनों को साकार करने के लिए थ्री वे स्टडी टेक्निक्स को अपनाना चाहिए। ये थ्री डी टेक्निक्स हैं। बोलकर पढ़ना; लिखना और लिखकर पढ़ना। यदि पढ़ाई के दौरान ध्यान भटकता है, तो आप इस थ्री वे टेक्निक्स को जरूर अपनाएं, इससे एकाग्रता बढ़ेगी।

### टाइम टेबल बनाकर करें काउंटिंग

सीए की पढ़ाई के दौरान अच्छा कंसंट्रेशन बना रहे इसके लिए मैंने पहले तो दो-दो घंटे के पीरियड बनाए। फिर इस पीरियड के दौरान मैंने एक नोट पेड रखा ये लिखने के लिए कि एक विषय को लगातार दो घंटे पढ़ाई के दौरान कितनी बार मेरा कंसंट्रेशन भंग हुआ।

### साफ हो स्टडी रूम

सीए की पढ़ाई के दौरान मेरे स्टडी रूम को मैं खुद साफ करता था। पढ़ाई के दौरान मोबाइल को दूर रखें इससे ध्यान भंग होता है। बीच में योग और ध्यान हल्का म्यूजिक का सहारा ले सकते हैं।

# हारा हूं कई बार, पर जीतने की जिद्द आज भी है

● जागरण सिटी रिपोर्टर ●

अगर आपको सफल होना है तो आपको अपनी एजुकेशन को पूरा करना होगा और पढ़ाई में एकाग्रता तभी आएगी जब आप पढ़ाई के लिए जिद्द करेंगे। जब हम छोटे होते हैं तो अपने माता-पिता से अपनी



मनपसंद सामान को पाने की जिद्द करते हैं और तब तक करते रहते हैं जब तक वो हममें मिल नहीं जाती है, लेकिन बचपन की जिद्द में बचपना होता है... इसीलिए जिद्दी बच्चों को पसंद नहीं किया जाता..परन्तु जब हम बड़े हो जाते हैं तो जिद्द के मायने बदल जाते हैं, क्योंकि हमे सही- गलत का पता होता है... और यही जिद्द यदि किसी मकसद के लिए की जाए तो जिन्दगी बदल सकती है। यह कहना है 'सीए पास द रियल स्टोरी' के लेखक मुकेश राजपूत का। वे एक निजी कॉलेज में मोटिवेशन स्पीच देने के लिए आमंत्रित किए गए थे।

उन्होंने कहा कि यदि अपने कॅरियर के लिए जिद्द करें तो निश्चित रूप से हमें अपना मन चाहा मुकाम मिल जाएगा और हम सफल बन जाते हैं। सीए मुकेश ने कहा कि सबसे पहले तो आपके पास एक सपना हो (जैसा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा है 'इससे पहले कि आपके सपने सच हों आपको सपने देखने होंगे), दूसरा सपने को पाने के लिए एक प्लान हो और सबसे जरुरी है उसे पाने की जिद्द... । जिद्द वो भी ऐसी होनी चाहिए जैसे कि हम बचपन में करते हैं। जिद्द की ताकत को समझो और इसे सकारात्मक कार्यों में लाकर आप भी एक सफल स्टूडेंट बन सकते हैं। उन्होंने पढ़ाई में जिद्द का क्या महत्व है, इस पर टिप्स दिए तथा अपनी रियल सक्सेस स्टोरी सुनाकर स्टूडेंट्स को बहुत मोटिवेट किया।

# बिना आत्मविश्वास के परीक्षा में ना बैठें छात्र, हावी ना होने दें तनाव



**एक्सीलेंस कॉलेज में मॉटिवेशनल क्लासेस**

**जागरण रिपोर्टर।** एक्सीलेंस कॉलेज में मंगलवार को स्टूडेंट्स के लिए मोटिवेशनल और एग्जाम पास एंड मेमोरी टेक्निक्स पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीए मुकेश राजपूत स्पीकर के रूप में आए, जो कि एक लेखक भी हैं। उन्होंने स्टूडेंट्स को स्टडी में मदद मिले, इसके लिए एक किताब 'सी.ए. पास द रियल स्टोरी' लिखी है। सी.ए. मुकेश ने इस सेमिनार में स्टूडेंट्स को योगा से मेमोरी कैसे बढ़ाएं और परीक्षा में अच्छे अंक कैसे लाएं तथा अपनी रियल सक्सेस स्टोरी सुनाकर स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में सबसे जरुरी है आत्मविश्वास को भी साथ लेकर जाएं, तभी आप किसी सीढ़ी को आसानी से चढ़ सकेंगे।

**तनाव न लें:** उन्होंने बताया कि परीक्षा का तनाव तो दिमाग में रहता ही है, पर इसे अपने ऊपर हावी न होने दें। इसके लिए जरुरी है परीक्षा शुरू होने से पहले दोस्तों से न तो आप अपनी तैयारी के बारे में बताएं और न ही पूछें, बल्कि जो आपने स्टडी की है, उसी को मन में रखें। वहीं स्टूडेंट्स ज्यादा लिखने से भी बचें। परीक्षा के दौरान यह भी जरूरी है कि पर्याप्त नींद भी लें।

**संघर्ष की कहानी** सामाजिक कार्यक्रम में पिपरिया आए मुकेश पहुंचे अपने पुराने स्कूल, बच्चों को दिए टिप्स

# 6 बार फेल, नहीं छोड़ा हौसला, बने सीए

भास्कर संवाददाता | पिपरिया

अगर मेहनत की जाए और संकल्प पक्का हो तो कुछ भी किया जा सकता है। यह सच कर दिखाया पिपरिया के मूल निवासी मुकेश सिंह राजपूत ने। मुकेश वर्तमान में चार्टड एकाउंटेंट हैं। वे भोपाल में निवास करते हैं। संघर्षों और परेशानियों से भरे कठिन समय को पारकर मुकेश फर्श से अर्श तक पहुंचे। मुकेश आरएनए एक्सीलेंस और सुभाष प्राइमरी स्कूल के छात्र रहे हैं।



आरएनए स्कूल में छात्रों को टिप्स देते सीए मुकेश सिंह राजपूत।

शनिवार को सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने आए मुकेश आरएनए स्कूल पहुंचे और 11वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों के साथ जीवन के अनुभव बांटे। सीए परीक्षा पास करने के लिए जरूरी टिप्स दिए। मुकेश ने बताया पिता टेलरिंग का काम करते थे। आर्थिक तंगी के कारण किताबों की जुगाड़ मुश्किल से होती थी। अन्य सुविधाएं तो दूर की बात थीं। पारिवारिक परेशानियों और झगड़ों के कारण एक बार वे घर छोड़कर भाग गए थे। मुकेश पिपरिया के रेलवे गेट कला मंदिर के पास रहते थे। मुकेश ने होटलों में मजदूरी, चौकीदारी, भोपाल के इंडस्ट्रीयल एरिया में नौकरी भी की और 10वीं और 12वीं की परीक्षा प्राइवेट पास की। संघर्षों के बीच 2000 में सीए की पढ़ाई शुरू की। 6 बार फेल होने के बाद भी मुकेश ने संघर्ष नहीं छोड़ा और साल 2010 में सीए की परीक्षा पास की। मुकेश और उनका परिवार 15 सालों से भोपाल में रह रहा है। प्राचार्य हेमलता दास, शिक्षिका मिश्रा, ज्ञानेंद्र हरदेनिया ने स्वागत किया।

## 'सीए पास दि रियल स्टोरी' नाम से किताब लिखी

मुकेश ने अपने जीवन संघर्ष को किताब में बयां किया। 207 पेजों की किताब में बचपन के संघर्षों और फर्श से अर्श तक पहुंचने की कहानी बताई। मुकेश ने बताया उनके जीवन की सच्ची दास्तां को फिल्म परदे पर लाने की तैयारी चल रही है। मुकेश उनके जीवन पर फिल्म बनाएंगे।

## सीए की परीक्षा पास करने टिप्स दिए

मुकेश ने छात्रों को परीक्षा पास कैसे कर सकते हैं इस बारे में जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कोई भी एक काम लगन से करें तभी सफलता मिलेगी। कई काम एक साथ करने या मन विचलित करने से सफलता नहीं मिलती। मोबाइल पर समय बिताने की बजाए रचनात्मक कार्य करें। पढ़ाई करें दूसरों से तुलना नहीं करें, तनाव नहीं लें। मुकेश ने छात्रों को उत्तर पुस्तिकाओं में उत्तर लिखने के तरीके भी बताए। आत्मविश्वास अंदरूनी बल होता है। इसलिए जब तक अभ्यास नहीं करेंगे आत्म विश्वास पैदा नहीं होगा।

पत्रिका plus

motivation

intrection

## लिखी 'सीए पास दि रियल स्टोरी' बुक


plus रिपोर्टर
plusreporter@epatrika.com

जिसमें कुछ कर गुजरने का जज्बा हो वह कुछ भी कर सकता है। उनके मन में पढ़ाई करने का ऐसा जज्बा था कि उसके लिए उन्होंने हर काम किए। उन्होंने चाय की दुकान में काम किया। ठेला लगाया। हार्डवेयर की दुकान में काम किया। कबाड़खाने में कबाड़ा बेचा। चौकीदारी करने से लेकर लोडिंग ऑटो चलाया। यह कहानी है चाय वाले से सीए बने मुकेश सिंह राजपूत की। उनका सीए बनने का सफर बहुत कठिन भरा रहा। अपनी लाइफ की इसी जर्नी को उन्होंने अपनी किताब 'सीए पास दि रियल स्टोरी' में भी लिखा है। यह किताब एक जुलाई को एक कार्यक्रम में लॉन्च की जानी है।

मुकेश ने बताया कि वे पिपरिया के रहने वाले हैं। दस साल की उम्र में मैं अपने माता-पिता से नाराज होकर घर से भाग गया। भटकते हुए महाराष्ट्र के कल्याण पहुंच गया। वहां एक चाय की दुकान पर काम किया। एक दिन मैं चाय देने बैंक गया। वहां लोगों काम करता देख मुझे बहुत अच्छा लगा। वहां एक बैंक अधिकारी ने मुझे पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया।

सीए मुकेश सिंह राजपूत साझा किए अनुभव

# चाय का ठेला लगाकर बना सीए




### पांच साल बाद लौटा पिपरिया

मुकेश ने बताया पांच साल बाद मैं वापस पिपरिया लौट आया। यहां एक चाय की दुकान खोली। धंधे में घाटा हुआ तो भोपाल आ गया। यहां एक कंपनी में चपरासी का काम किया। फिर लोडिंग ऑटो चलाया। इसी बीच प्राइवेट से बारहवीं तक की पढ़ाई कर ली।

### एक घटना ने मिली सीए बनने की प्रेरणा

मुकेश कहते हैं कि मुझे मेरे मालिक ने सीए मनोज खरे का यहां एक दस्तावेज देने भेजा। उनके ऑफिस में कई सीए काम कर रहे थे। उन्हें देखकर मैंने मनोज से उनके बारे में पूछा। उन्होंने मुझे सीए प्रोफेशन के बारे में बताया। उस दिन के बाद से मैं सीए बनने की ठान ली। इसी बीच सीए किशोर ब्यानी और प्रवेश कुमार पांडे से मुलाकात हुई। उन्होंने मेरी मेहनत देख मुझे आर्थिक सहायता दी। मैंने काम के साथ पढ़ाई की और चाय वाले से सीए बन गया।

अंबर पति का बुक इस जुलाई तो होगी लॉन्च। इस मौके पर सीए की पढ़ाई करने वाले एक हजार स्टूडेंट्स को यह किताब मुफ्त बांटी जाएगी।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट दे रहे स्टूडेंट्स को सक्सेस मंत्र

## 15 मई तक परीक्षा, करीब 2500 विद्यार्थी हो रहे शामिल

भोपाल @ पत्रिका
mp.patrika.com

चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में सक्सेस के मंत्र अब सीए ही बता रहे हैं। विद्यार्थियों की मदद के लिए इसकी शुरुआत हुई है। इसमें ट्रेनिंग प्रोग्राम सहित क्लासेस होंगी। सीए के लिए 15 मई तक सीए फाइनल और आईपीसीसी की परीक्षा चलेगी। ये 2 मई से शुरू हुई है। इसमें राजधानी सहित प्रदेश से करीब 2500 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।

सीए पास किताब द रियल स्टोरी के लेखक मुकेश राजपूत के मुताबिक ऐसे कई मामले हैं, जहां सही जानकारी न होने के कारण विद्यार्थी इस परीक्षा को पास नहीं कर पाते। आम तौर पर उन्हें सही गाइडेंस नहीं मिल पाता। ऐसे विद्यार्थियों की मदद के लिए शुरुआत की है। इसके तहत परीक्षा के दौरान उन बारीकियों को बताया जा रहा



है जिन पर आम तौर पर ध्यान नहीं दिया जाता। इस परीक्षा को बहुत कठिन माना जाता है। इसके लिए पहले विद्यार्थियों के काउंसलिंग सेशन हो चुके हैं। शहर और दूसरे जिलों में इसके लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम भी चले।

### ये दिए टिप्स

- परीक्षा के दौरान प्रेक्टिकल में वर्किंग नोट दें और उनकी संख्या लिखें।
- प्रश्न खत्म कर उसके नीचे डबल लाइन खींचें, ताकि वह अलग समझ आए।
- चेक लिस्ट परीक्षा से पहले तैयार करें।
- समय का ध्यान रखें। सीए परीक्षा में इसका बहुत महत्त्व है।

patrika Sun, 08 May 2016
epaper.patrika.com/c/10233119

# सीए मुकेश ने बच्चों को दिया मार्गदर्शन

**पिपरिया.** शासकीय आरएनए उत्कृष्ट स्कूल पिपरिया से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने वाले मुकेश राजपूत चाटर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनने के बाद शनिवार को इस स्कूल में पहुंचे और बच्चों को मार्गदर्शन दिया। मुकेश ने बताया कि उनके पिता पिपरिया के पचमढ़ी रोड पर दर्जी की दुकान चलाते थे। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मुकेश को मजदूरी, चौकीदारी के साथ ही चाय बेचने का काम करना पड़ा, लेकिन उन्होंने पढ़ाई नहीं छोड़ी। सीए की परीक्षा में बैठे तो वहां भी काफी संघर्ष के बाद उन्हें सफलता मिली। मुकेश वर्तमान में एक कंपनी में सेवाएं दे रहे है। अनुबंध राशि का दस



फीसदी हिस्सा जरूरतमंद बच्चों के शिक्षण पर खर्च करना उनका लक्ष्य है। मुकेश ने अपने जीवन संघर्ष पर एक पुस्तक भी लिखी है। उत्कृष्ट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य हेमलता दास, शिक्षक ज्ञानेन्द्र हरदेनिया समेत स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## गौरव शाली संस्था

# शिक्षा को बढ़ावा देने में बन रहे मददगार



शिक्षा को बढ़ावा देने में भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे बच्चे जो होनहार हैं लेकिन आर्थिक मजबूरी के कारण आगे नहीं बढ़ पा रहे उनकी मदद की जा रही है। वहीं तकनीकी शिक्षा के लिए बच्चों को ट्रेनिंग भी मुहैया कराई जा रही है। साथ काउंसलिंग और मोटिवेशन के जरिए बेहतर शिक्षा हासिल करने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष मुकेश राजपूत ने बताया कि बच्चों को स्कूल में दाखिला करा उनकी शिक्षा का खर्च उठा रहे हैं। वहीं ट्रेनिंग की व्यवस्था भी है। इसके कई स्कूल और कॉलेज में मोटिवेशन शिविर का आयोजन किया जा चुका है। अब तक ऐसे कई विद्यार्थियों मदद पाकर सीए और दूसरे तकनीकी क्षेत्र में कॅरियर बना चुके हैं।

**शिक्षा मित्र सेवा समिति**



**युवा सोच**

**भोपाल के सीए मुकेश युवाओं को ट्रेनिंग देकर आगे बढ़ने में कर रहे मदद**

# असफलता ने बुनी सीए की सक्सेस स्टोरी, अब युवाओं को दिखा रहे राह



ZOOM रिपोर्टर
patrika.com


**भोपाल.** कहते हैं असफलता ही सफलता की चाबी है। राजधानी के एक युवा ने न केवल खुद सक्सेस होकर इसे साबित किया, बल्कि दूसरों के लिए भी मार्गदर्शक बन गए। पिछले कुछ वर्षों में सैकड़ों युवाओं को निःशुल्क ट्रेनिंग दी। ये युवा अब अपना काम कर रहे हैं, साथ ही दूसरों को भी उसी तरह सीख देने का जरिया बन रहे हैं, जो इन्हें मिली।

भोपाल के सीए मुकेश राजपूत ने अपने काम के साथ उन युवाओं को भी निःशुल्क ट्रेनिंग दी जो महंगी कोचिंग और शिक्षा हासिल नहीं कर सकते हैं। यहां से निकलकर अपना शुरू कर चुके लखनऊ निवासी अरविंद यादव बताते हैं, शिक्षा स्कॉलरशिप के भरोसे पूरी हुई। एकाउंटेंट बनने के लिए फेसबुक पर राजपूत से संपर्क हुआ था। इसके बाद तीन साल भोपाल में काम किया। अब एक बेहतर मुकाम पर हैं। जिस क्षेत्र से ये आते हैं, वहां गाइडेंस की काफी कमी है। ऐसे में इन्हें जिस तरह का मार्गदर्शन मिला, वैसा ही दूसरों को देने की कोशिश कर रहे हैं। राकेश चौरे ने बताया, निजी बैंक में ऑडिटर बन चुके हैं। अपने काम के साथ जिस तरह से उन्हें मदद मिली, उसी तरह से दूसरों की मदद की भी कोशिश में हैं।

**देश भर में कई सेमिनार, शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मुकेश राजपूत को मिले अवॉर्ड**

### बन गई लिंक

कई अभ्यर्थियों जो आर्थिक रूप से परेशान थे, उन्हें जब मदद मिली तो उनके जरिए एक लिंक बन गई। इन लोगों का कहना है जिस तरह उन्हें सहायता मिली है, कोशिश है वे दूसरों को भी मदद करेंगे। हालांकि अभी शुरुआत कर रहे हैं।



सीए मुकेश सिंह राजपूत छात्र-छात्राओं को सफलता के गुर के बारे में बताते हुए।

# सीए के छात्रों ने सेमिनार में जाने सफलता के गुर

**बरेली।** सीए छात्रों के लिए सक्सेस ए माईथ और रियलिटी पर एक सेमिनार रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किया गया। जिसमें सीए स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए विनीश अरोरा ने छात्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स आफ इंडिया व सीए स्टूडेंट एसोसिएशन की बरेली शाखा द्वारा आयोजित सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीए ज्ञान चंद्र मिश्रा, रीजनल काउंसिल मेम्बर सीआईआरसी आफ आईसीएआई और विशिष्ट अतिथि सीए पुनीत सखूजा एक्जीक्यूटिव मेंबर गाजियाबाद ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के पहले सत्र में दिल्ली से आए सीए गोविन्द मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को सक्सेस ए माईथ और रियलिटी के बारे में विस्तार से बताया। दूसरे सत्र में भोपाल से आए सीए मुकेश सिंह राजपूत ने ए माईथ और रियलिटी के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन सीए विनीश अरोरा ने किया। सेमिनार में सीए कर रहे छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया।

**ANCHOR** सेमिनार का आयोजन

# सक्सेस स्टोरी सुनाकर स्टूडेंट्स को किया मोटिवेट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**भोपाल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलार रोड बैरागढ़ चिंचली में बुधवार को स्टूडेंट्स के लिए मोटिवेसनल और पढाई में एकाग्रता केसे लाएं और करियर इनकॉमर्स पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्राचार्य व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहें। जब मै छोटा था, तो अपने माता से पिता से जिद्द किया करता था कि आप ये सामान दिलाएंगे तो हम स्कूल जाएंगे और ये देंगे तो हम पढाई करेंगे अफसोस हम कितने गलत थे, हमें इस सच्चाई का पता जब चलता है तब तक देर हो जाती है। यह बात सीए मुकेश राजपूत ने सेमिनार में स्टूडेंट्स को प्रेजेंटेशन के माध्यम से कहीं। मुकेश राजपूत ने स्टूडेंट्स को बताया कि पढाई में एकाग्रता केसे बनाएं और एकाग्रता से पढ़ा लम्बे समय तक केसे याद रखें। उन्होंने अपनी रियल सक्सेस स्टोरी सुनाकर स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया। मदद के लिए निम्न 10 टिप्स स्टूडेंट्स को सेमिनार में बताए।

## 10 बातों का ध्यान रखकर पाएं एकाग्रता

**1.** सपने देखों इसकी लिस्ट स्टडी टेबल के ऊपर वाली दीवार पर चिपका दो। जब भी आपका स्टडी से ध्यान भटकेगा ये सपने आपको स्टडी की तरफ खींच ले लेगी।
**2.** पढ़ाई करते समय बोलकर-लिखकर पढ़े एकाग्रता बढ़ेगी ।
**3.** टाइम टेबल बनाकर काउंटिंग करें। पहले तो दो-दो घंटे के पीरियड बनाए।
**4.** स्टडी रूम साफ सुथरा रखें। आप ऐसा करके देखें आपका मन पढाई में बहुत लगेगा।
**5.** पानी खूब पिएं और पानी की बोतल पास रखें।
**6.** आप जिस भी विषय को पढ़ने के लिए बैठे उसे रोचक तरीके से पढ़ने का प्रयास करें।
**7.** पढ़ाई के लिए अलग से कमरे का चुनाव करें।
**8.** स्टडी रूम को साफ सुथरा रखें। रूम मे प्रॉपर रूप से सभी चीज व्यवस्थित रखी होनी चाहिए।
**9.** अच्छी और पूरी नीद लें। पढ़ाई के लिए नींद सबसे जरुरी है।
**10.** मोबाइल को अपने से दूर रखें। पढ़ाई के समय अपने आस पास मोबाइल को न रखें।

**संक्षिप्त परिचय :**

| | |
|---|---|
| 1. नाम | सी.ए. मुकेश राजपूत, पुत्र श्री रघुवीर सिंह राजपूत |
| 2. पेशा | अभ्यासरत चार्टर्ड अकाउंटेंट- पार्टनर टिलवानी & कम्पनी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स - भोपाल म.प्र. |
| 3. लेखक / लेखन | अ ) सी.ए. पास द रियल स्टोरी - बुक<br>बुक लिखने का उद्देश्य स्टूडेंट्स को शिक्षा के लिए मोटीवेट और प्रेरित करना तथा बुक से जो रॉयल्टी आती है, वो सब शिक्षा के क्षेत्र में व्यय या चैरिटी कर दी जाती है \| |
| 4. अवार्ड<br>लेखन के क्षेत्र | 1) **"भोपाल रत्न अवार्ड 2016"** से सम्मानित माननीय तपन भौमिक जी (चेयरमैन म.प्र. टूरिज्म ) द्वारा, लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु (विश्व फाउंडेशन)<br>2) **"राजपूत रत्न अवार्ड 2018"** से समान्नित किया माननीय डॉक्टर सीताशरण शर्मा जी विधानसभा अध्यक्ष म.प्र. सरकार द्वारा.....> लेखन के क्षेत्र इटारसी दिनांक : 28 -01 -2018<br>3) **स्टार प्लस "सबसे स्मार्ट कौन 2018"** टी.वी. शो में सीए मुकेश राजपूत विनर रहे, प्राइज Rs. 2.20 लाख स्थान : मुम्बई दिनांक : 06-07-2018<br>4) **टीचर इनोवेशन अवार्ड - 2019 "HDFC बैंक परिवर्तन"** "शिक्षा के क्षेत्र" में विशेष इनोवेशन प्रदान करने पर..<br>5) **युवा रत्न - 2020 से दिल्ली में** : भारतीय संविधान व युवा राष्ट्रीय मंच ( नेशनल सेमिनार) और "राजनीति की पाठशाला" इंडिया इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली 13-01-2020<br>6) **इंटरनेशनल आइकॉन 2020** - अवार्ड से इंदौर में सम्मानित हुए "श्रीमति सुष्मिता मुखर्जी (Bollywood Actress)" द्वारा NAH-Foundation दिनांक 22-02-2020<br>7) **इंटरनेशनल मोटिवेशनल अवार्ड - 2020** : साहित्योदय अंतरास्ट्रीय साहित्य कला संग्राम में **"चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो"** ऑनलाइन भाग लेकर अवॉर्ड प्रदान किया<br>8) **"इंडिया बुक ऑफ़ रिकार्ड्स 2020"** से सम्मानित हुए लेखक, स्टूडेंट्स को सेमिनार और उनकी हेल्प करने के क्षेत्र में 01-10-2020<br>9) "कोविड-**19,** कोरोना वारियर अवॉर्ड्स **2021**" , Indian Red Cross Society - Bhopal के चैयरमेन श्री आशुतोष राषिक बिहारी पुरोहित, सचिव डॉ. प्रार्थना जोशी 26-01-2021 COVID19 के दौरान स्टूडेंट्स को डिप्रेशन से उबारने लिए ऑनलाइन और वीडियो के माध्यम स्टडी टेक्निक्स तथा काउंसलिंग की.<br>**10)** "नई शुरुआत संभावना के साथ" में, माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और श्रीमति साधना सिंह जी, द्वारा सम्मानित किया गया, सम्मान के लिए बहुत बहुत आभार.......दिनांक: 30-01-2021<br>**11)** "नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड **- 2021**" मानव अधिकार **NHRO** होटल रेडिसन ब्लू दिल्ली से माननीय ठाकुर रघुराज सिंह जी द्वारा श्रम मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दिनांक: 20-03-2021 |
| 5. सेमिनार | अ ) **स्टूडेंट्स सेमिनार** - भारत के कई राज्यों में स्टूडेंट्स को मोटीवेट और शिक्षा के लिए प्रेरित हो पर सेमिनार बिना किसी फीस के देते आ रहे है \| |

| | |
|---|---|
| | ब ) **म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग** के अंतर्गत आने वाले शासकीय कॉलेजो में स्टूडेंट्स को "मोटीवेसनल एग्जाम पास & मेमोरी टेक्निक्स" पर सेमिनार दे रहे \| <br> ब ) **व्यापारियों को** GST, इनकम टैक्स, सर्विस टैक्स, टीडीएस, एकाउंटिंग और बही - खाता रखरखाव सम्बंधित जानकारिया सेमिनार के माध्यम से तथा सरकारी विभाग के कर्मचारियों को कर समाधान सम्बंधित जानकारिया देते आ रहे है एवं समाचार पत्रों, दूरदर्शन तथा न्यूज़ चैनल के माध्यम से भी... <br> स ) **नेशनल करियर सर्विस (NCS)** में करियर काउंसलर के पद पर है और भारत के सम्पूर्ण स्टूडेंट्स को करियर और जॉब से सम्बंधित गाइडेंस देते आ रहे है .. <br> (द ) **The Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) करियर काउन्सलिंग कमेटी (2018-19) and Investor Awareness Programme for Different State for F.Y. 2019-20.में Resources Persion** नियुक्त किया है\| |

**प्रस्तुत पुस्तक 'सीए पास द रियल स्टोरी'** लेखक का आत्म-कथानक है, जिसमे उन्होंने अपनी फर्श से अर्श तक पहुचने की उतार - चढ़ावों भरी जीवन - यात्रा का बहुत ही रोचक अंदाज में वर्णन किया है | इस पुस्तक के माध्यम से आप जानेंगे की किस प्रकार माता - पिता के झगड़ो से तंग आकर घर से दूर हुए एक छोटे से बच्चे ने, जिसे अपने आप को जिन्दा रखने के लिए कभी किसी कैंटीन में तो कभी किसी होटल में काम करना पड़ा, केसे उसने इतनी साडी दुस्वरिया झेलते हुए भी कुछ बन्ने की अटूट चाहत और अथक परिश्रम के बल पर अपने सपने को साकार कर दिखया और एक सफल सीए बन गया | इस इमानदार आत्म - कथानक के माध्यम से लेखक ने बताया की बड़ी सफलता पाने के लिए असाधारण प्रतिभा का होना आवश्यक नहीं है, लगन और मेहनत से सबकुछ संभव किया जा सकता है; औसत बुद्धि वाले लोग भी अपने आपको तराशते हुए मनचाहा मुकाम पा सकते है | प्रस्तुत पुस्तक बताती है की असफलताए वास्तव में गलतियों का दोहराव मात्र होती है और इसीलिए उनसे हारकर बैठ जाने की वजाय हमे अपनी गलतियों को जानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए | यह कोई उप्देश्त्मक किताब नहीं है बल्कि यह तो लेखक के जीवन में घटी प्रत्यछ घटनाओ का सच्चा ब्यौरा है जो न केवल हमे परस्थिथियो से हरने की वजाय उनसे झूझने की प्रेरणा देता है, बल्कि वे तरीके भी बताता है जिनके माध्यम से ऐसा किया जा सकता है | कुल मिलकर यह एक प्रैक्टिकल हैण्ड बुक है जो, हौसला भी देती है, सिखाती भी है और मनोरंजन भी करती है |

इस बुक के माध्यम से लेखक ने बताया है, मेमोरी को तेज़ केसे किया जा सकता है, पढाई का सही तरीका क्या होता है, परीक्षा में अच्छे अंक केसे लाये, एग्जाम को पास करने के लिए हमे क्या याद रखना चाहिए, पढाई का टाइम टेबल और बहुत सारी स्टडी टेक्निक्स भी दी गयी है, जिन्हें स्टूडेंट्स जानकर एक सफल प्रोफेशनल बन सकते है |


- इससे पहले कि सपने सच हो आपको सपने देखने होंगे "डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी"
- *वृद्धि का विकाश मानव के अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए "डॉ बी.आर. अम्बेडकर"*

अभी तक हमारे द्वारा दिए गए सेमिनार "मिशन" - शिक्षित भारत ~ सफल भारत

| राज्य का नाम | मोटीवेसनल & कैरियर काउन्सलिंग प्रोग्राम संख्या | अनुमानित संख्या स्टूडेंट्स+अभिभावक गण+शिक्षकगण | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 37 | 39842 | |
| कर्नाटका | 2+6 | 22470 | कुल दिन-8, सरकारी स्कूल और कॉलेज |
| उत्तर प्रदेश | 13 | 19254 | |
| दिल्ली | 1 | 550 | |
| महारास्ट्र | 3 | 1785 | |
| छत्तीसगढ़ | 1 | 577 | |
| पंजाब | 1 | 367 | |
| **गुजरात** | 2 | 975 | |
| कुल राज्य – **8** | कुल कार्यक्रम – **66** | कुल संख्या– **86,620** | |
| | | | |
| **14-06-2020** **Career in Commerce** **CA Deepa Dewani** | **Online** **1** | **Y-tube Live 386** **F-Book Live 1185** | कॉमर्स में करियर और रोजगार के अवसर......! |
| **14-06-2020** **इंटरनेशनल मोटिवेशनल** राकेश तिवारी और पंकज प्रियम (न्यूज़ चैनल NDTV) दिल्ली | **Online** **1** | **Live 8020** | अंतरास्ट्रीय साहित्य कला संग्राम **चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो..........!** |
| **23-09-2020** प्रोग्राम - अवि शर्मा इंदौर (न्यूज़ टीवी एंकर) | **Online** **1** | **Live 7040** | Students Motivation **कोशिश करने वालो की हार नहीं होती......!** |
| **16-10-2020** प्रोग्राम - रीटा शर्मा शिमला ( टीवी एंकर, एक्ट्रेस ) | **Online** **1** | **Live 4090** | Students Motivation **रुक जाना नहीं तू कही हार के......!** |
| **7-11-2020** **इंटरनेशनल मोटिवेशनल** पंकज प्रियम (न्यूज़ चैनल NDTV) दिल्ली | **Online** **1** | **Y-Tube -5050** **F-Book- 1885** **Website- 2026** **O-Stream-15850** | Students Motivation **"इंटरनेशनल स्टूडेंट्स सेमिनार" - एजुकेशन के टूल से सफलता का दरवाजा खोल सकते है " दिल से दिल की बात"** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **28-11-2020**<br>**मोटिवेशनल**<br>इंद्रा पब्लिशिंग हाउस<br>श्री मनीष गुप्ता जी<br>भोपाल | **Online**<br>**1** | **Y-Tube -1550**<br>**F-Book-3270**<br>**O-Stream-8090** | Students Motivation<br>**"स्टूडेंट्स सेमिनार" -** सपनों को दूसरों से बताने के बजाय उसे सच करके दिखाएँ.......<br>**"शनिवार की शाम लेखक के नाम"** |
| IPER<br>Group of Institution<br>Professional College<br>Bhopal<br>16-12-2020 | **Online**<br>**1** | **College**<br>**Web-Stream-3025** | Students Motivational & Memory Mantra<br>"Success" A - Myth or Reality |
| CliqTax- Co. Delhi<br>Motivational & Budget Seminar | **Online**<br>**1** | Students & Professionals<br>**Web-Stream-2890** | Journey of a Student from Village |
| | कुल **ऑनलाइन – 8** | कुल संख्या– **64,357** | |

# Online Seminar:




कॉमर्स में करियर और रोजगार के अवसर | COMMERCE CAREER WEBINAR | CAREER COUNSELLING PROGRAM LIVE DATE 31-07-2020

Link: https://youtu.be/UOsdESjoDvY




<u>Students Motivation</u> 23-09-2020 **कोशिश करने वालो की हार नहीं होती......!**

Link: https://youtu.be/174ajAI4PpM




<u>Students Motivation 16-10-2020 -</u>**रुक जाना नहीं तू कही हार के......!**




**शाहित्योदय "इंटरनेशनल स्टूडेंट्स सेमिनार" - एजुकेशन के टूल से सफलता का दरवाजा खोल सकते है " दिल से दिल की बात" 07-11-2020**


**Link :https://fb.watch/1CxB8qrulK/**




देखे पूरा मोटिवेशनल वीडियो लिंक :
https://www.facebook.com/100010315307308/videos/1294688047551693/


अवसर है आत्मकथा "सी.ए. पास : दि रियल स्टोरी" के लेखक एवं अथक परिश्रम के बल पर अपने सपने को साकार कर दिखाने वाले "सी.ए. मुकेश सिंह राजपूत" जी से मिलने का...!!! 28-11-2020



# मील का पत्थर साबित होगी सीए पास

**भोपाल, 28 नवम्बर.** लैण्डमार्क द बुक स्टोर एवं इंद्रा पब्लिशिंग हाऊस की तरफ से शनिवार की शाम लेखक के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर, आत्मकथा सीए पास दि रियल स्टोरी के लेखक सीए मुकेश सिंह राजपूत एवं इंद्रा पब्लिशिंग हाऊस के संस्थापक मनीष गुप्ता उपस्थित थे. राजपूत ने चर्चा के दौरान कहा कि ऐसे बच्चे जो पढ़ाई से जी चुराते हैं या सोचते हैं कि शिक्षा से कोई लाभ नहीं होगा, तो यह किताब उनके दिमाग में लगी हुई जंग को साफ करेगी और साथ ही उन असफल लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगी.




Wednesday, 16 December 2020 at 11:00 am to 1:00 PM

Link for the session - meet.google.com/usx-bcdc-tut




Link: https://youtu.be/xUrshPst7y4 Date: 17-02-2021

कार्यालय निदेशक, स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल (म.प्र.)
(192 ए.वी.एन. टावर मेजनाइन फ्लोर, जोन –1 एम.पी. नगर भोपाल)
E-mail: hesvcgs@mp.gov.in Telephone - 0755-2550064

क्रमांक / 576 / 2018 भोपाल, दिनांक 16.08.2018

प्रति,

प्राचार्य
उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान
भोपाल

विषय :– म.प्र. के सरकारी कॉलेजों के स्टूडेंट्स को मोटीवेशनल और कॅरियर काउन्सलिंग व्याख्यान संबंधी।

संदर्भ :– आपके महाविद्यालय का पत्र क. 1769 / 2018–19 भोपाल दिनांक 06 / 08 / 2018।

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में लेख है सी.ए. मुकेश राजपूत, स्टूडेंट्स मोटीवेशनल एवं कॅरियर काउंसलर, भोपाल के द्वारा दी गयी सहमति के आधार पर दिनांक 28 / 08 / 2018 को आपके संस्थान में विद्यार्थियों के लिये 01 घंटे का "मोटिवेशनल एवं कॅरियर काउंसलिंग व्याख्यान आयोजित किया जाना है। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिये स्वैच्छिक रहेगा।

उपरोक्तानुसार कृपया आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

(शैलेन्द्र कुमार जैन)
वि0क0अ0
स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना
भोपाल दिनांक 16.08.2018

पृ. क. 577 / 2018
प्रतिलिपि :–

1. निज सहायक वि.क.अ. सह–आयुक्त उच्च शिक्षा को सूचनार्थ।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, भोपाल नर्मदापुरम संभाग।
3. समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल।
4. रिकार्ड फाइल।

वि0क0अ0
स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना

उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत दिए सेमिनार निम्न है ;

1.Sarojni Naidu Govt. College Bhopal
2. MLB – Govt. College Bhopal
3. Excellence Govt. College Bhopal